
मासिक समाचार पत्र

title-code-MPHIN35679



आधार जायसवाल, इंदौर
15/02/2016



बुरा मत सोचो  बुरा मत मानो  बुरा मत करो



कार्ड शिवहरे,जबलपुर
02/02/2015

संपादक : आधार कार्ड के जनक सुनील जायसवाल द्वारा बंदरों की परिकल्पना 16 मई 2010 (जनहित में जारी)

वर्ष-3 | अंक : 9 | इंदौर, 15 नवंबर 2022 | पृष्ठ : 8 | मूल्य- 1 रुपये

सुविचारः हर प्रयास गलतियों की शुरुवात से प्रारंभ होता है:- आधार कार्ड के जनक सुनील जायसवाल

Aadhaarcardkejanaksuniljaiswal@gmail.com

## 'घर परिवार और अपनो को मुझे बचाना है मुझे आज ही वैक्सीन लगवाना है'










भगवान राजराजेश्वर सहस्त्रार्जुन जी की जंयति पर इन्दौर में खजराना चौराहा पर स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण आधार कार्ड के जनक सुनील जायसवाल द्वारा किया गया उक्त कार्यक्रम के अवसर पर राष्ट्रीय कल्चुरी एकता महासंघ की संस्थापक श्रीमती अर्चना राकेश जी जायसवाल द्वारा उक्त कार्यक्रम की संचालिका के हाथों विमोचन कराया गया, क्षिक्षा नायक समाचार पत्र में प्रकाशित भगवान सहस्त्रार्जुन जी के चित्र में दर्शाया गया है की अपने आराध्य देव के आशिर्वाद, बल व बुद्धि से प्राप्त अपने कल्चुरी वंश के उत्थान के लिए सुनील जायसवाल के माध्यम से आधार कार्ड की कल्पना का उक्त कार्य को संपन्न कराया गया, चित्र में दर्शाया गया है की सुनील जायसवाल द्वारा इस कार्य का पुरा श्रेय भगवान सहस्त्रार्जुन जी को दिया गया है, व उनकी सहस्त्रबाहु में आधार कार्ड के प्रतिक चिन्ह के अनेकों ध्वजों को अपने आराध्य देव को सोंपा गया है व प्रार्थना की गई है की और आगे की प्रक्रिया भी अब वही पूर्ण कराएंगे।





## भगवान सहस्त्रबाहु की जयंती पर माल्यार्पण

**इंदौर।** कलचुरी समाज ने आज अपने आराध्य देव भगवान राजराजेश्वर सहस्त्रबाहु की जन्मजयंती पर उनकी प्रतिमा खजराना पर माल्यार्पण किया। अर्चना जायसवाल, चिंटू चौकसे, लक्ष्मणदास महाराज, दादू महाराज, अनिल जायसवाल, गनी चौकसे, सुमित्रा चौकसे, उषा गुप्ता, उषा वर्मा, राजेश जायसवाल, सरोज राय, मुकेश जायसवाल सहित अन्य समाजजन मौजूद थे।

आधार का हाथ जीवन भर का साथ

आधार कार्ड के जनक सुनील जायसवाल अपनी शिकायत याचिका पीटीशन बुक 'आधारयण ग्रन्थ' जिसमें उन्होंने आधार कार्ड के जन्म की कहानी लिखी व अपना दावा पेश किया। पूर्व सांसद एवं पूर्व लोकसभा अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा ताईजी महाजन, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमान कैलाशजी विजयवर्गीय, वर्तमान सांसद श्रीमान शंकर लालवानी जी, म.प्र. के मुख्यमंत्री श्रीमान शिवराजसिंह जी चौहान, भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं आधार स्तम्भ पं. विष्णु प्रसादजी शुक्ला (बड़े भैय्या), महू क्षेत्रीय विधायक एवं सांस्कृतिक मंत्री सुश्री उषा ठाकुर जी, सांवेर विदायक विधायक एवं जलसंसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट जी, क्षेत्र क्रमांक 2 के विधायक श्री रमेश मेंदोला जी, क्षेत्र क्रमांक 5 के विधायक श्री महेन्द्र हार्डिया जी, क्षेत्र क्रमांक 3 के विधायक श्री आकाश विजयवर्गीय जी, क्षेत्र क्रमांक 1 के विधायक श्री संजय शुक्ला जी, पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता जी, महापौर पुष्य मित्र भार्गव, भाजपा के वरिष्ट पदादिकारी एवं पूर्व विधायक सत्यनारायण सत्तन, भाजपा युवा नेता गोलु शुक्ला, कलचुरी समाज के गुरू स्वामी संतोषानंदजी महाराज, अवधूत आश्रम, हरिद्वार













इन्दौर शहर काजी, कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव सत्यनारायण पटेल, श्रीमती अर्चना जायसवाल, भाजपा के पार्षद राहुल जायसवाल, पार्षद संध्या जायसवाल, मध्यप्रदेश अल्पसंख्यक आयोग के कमाल भाई, दैनिक भास्कर के प्रधान सम्पादक अमित मण्डलोई, मध्यप्रदेश औद्योगिक संगठन पोलोग्राउण्ड इन्दौर के अध्यक्ष श्री योगेश मेहता जी, सचिव श्री तरुण व्यास जी, उपाध्यक्ष श्री दिलीप देव जी, उपाध्यक्ष श्री हरिश भाटिया जी, कार्यकारिणी सदस्य श्री गिरीश पंजाबी, श्री हरि अग्रवाल, विशेष आमंत्रित सदस्य श्री मुकूल कोचरे, नईदुनिया के भूतपूर्व प्रधान सम्पादक अभय छजलानी, वरिष्ठ पत्रकार ओमप्रकाश फरकिया, अग्निबाण के प्रधान सम्पादक राजेश चेलावत, वरिष्ट पत्रकार महेन्द्र बाफना, सिटी ब्लास्ट के प्रधान सम्पादक श्री महेश मुंगड़, दैनिक दोपहर के प्रधान सम्पादक नवनीत शुल्का, पत्रकार अरुण हार्डिया, इन्दौर समाचार के मुख्य सम्पादक विवेक सेठ, पत्रकार कमल साबू एवं अन्य साथी पत्रकार, 6पीएम के प्रधान सम्पादक संजय लुणावत, गुरू जी पं. कैलाश शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार एवं विक्रयकर टाइम्स के सम्पादक पं. राजेन्द्र उपाध्याय, पत्रकार एवं सोने की कलम के सम्पादक चेतन गन्धे, सुनील बिंजवा, पत्रकार विनीता पालिवाल, वरिष्ट पत्रकार अनिल जायसवाल।


राष्ट्रीय कलचुरी एकता महासंघ की अर्चना जायसवाल, शहर काजी इशरत अली एवं कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव सत्यनारायण पटेल


इन्दौर के भारतीय जनता पार्टी से पार्षद राहुल जायसवाल


इन्दौर के भारतीय जनता पार्टी से पार्षद संध्या राधाकिशन जायसवाल


अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष कमाल भाई


दैनिक भास्कर समाचार पत्र के प्रधान सम्पादक अमित मंडलोई जी


मध्यप्रदेश ओद्योगिक संगठन पोलोग्राउण्ड इन्दौर के अध्यक्ष योगेश मेहताजी


नईदुनिया के पूर्व प्रधान सम्पादक अभय छजलानीजी


अग्निबाण समाचार पत्र के प्रधान सम्पादक राजेश चेलावत


अग्निबाण समाचार पत्र के सम्पादक महेन्द्र बाफना


सिटी ब्लास्ट समाचार पत्र के सम्पादक महेश मुंगड़


दैनिक दोपहर समाचार पत्र के प्रधान सम्पादक नवनीत शुक्ला, पत्रकार अरुण हार्डिया


इन्दौर समाचार पत्र के प्रधान सम्पादक विवेक सेठ


6 पीएम समाचार पत्र के सम्पादक संजय लुणावत


पं. कैलाशजी शर्मा


विक्रयकर टाइम्स समाचार पत्र के प्रधान सम्पादक पं. राजेन्द्र उपाध्याय एवं सोने की कलम समाचार पत्र के प्रधान सम्पादक चेतन गन्धे


विक्रयकर टाइम्स समाचार पत्र के प्रधान सम्पादक पं. राजेन्द्र उपाध्याय एवं सुनील बिंजवा


पत्रकार विनीता पालीवाल डिविजन हेज वाईस ऑफ इंडिया


पत्रकार अनिल जायसवाल

आधार बनवाओ आधार बनो आधार पाओ

आधार कार्ड के जनक सुनील जायसवाल निवासी 35 शंकर बाग कालोनी, मरीमाता चौराहा, इन्दौर जो कि अपनी 6 साल की उम्र में शंकरबाग में यहां रहने आए थे, आज उनको यहां निवास करते हुए 54 वर्ष हो चुके हैं। कालोनी की नवदुर्गा उत्सव समिति द्वारा दीपावली मिलन समारोह के कार्यक्रम में पहुंचे। वहां विधायक श्री संजय शुक्ला जी का स्वागत करते हुए एवं भाजपा के नगर अध्यक्ष गौरव रणदीवे का स्वागत करते हुए। साथ ही कालोनीवासी कैप्टन सरदार बुट्टा सिंह, बबली ठाकुर, अशोक शर्मा, राजेन्द्र जायसवाल, माधुरी जायसवाल, सुभाष जायसवाल एवं दवे का दिव्य गरम मसाला के मालिक दवे साहब, पार्षद अनवर कादरी, अनिल व्यास एवं शंकर बाग के अन्य निवासी।




















फोटो उज्जैन महाकाल लोक के लोकार्पण के अवसर का






















# भारत सरकार द्वारा जारी आधार कार्ड के जनक 100 बिलियन + जिनियस सुनील जायसवाल

## व समस्त जायसवाल, शिवहरे, राय एवं कल्चूरी, कलाल, कलवार, कलार समाज द्वारा समस्त प्रियजनों को हृदय की गहराइयों से हार्दिक बधाईयां एवं शुभकामनाएं


















































**" करता सब के कल्याण का है काम यही आधार कार्ड का काम "**












सोशल मिडिया पर प्रतिदिन प्रसारित

https://youtu.be/xurY3eQlrSI https://youtu.be/0XQf02Ub6fk

9827222811 E-mail - aadhaarcardkejanaksuniljaiswal@gmail.com

http://www.aadhaarcardkejanaksuniljaiswalindore.com

# सुविचार

भारत सरकार
द्वारा जारी
आधार कार्ड के जनक
सुनील जायसवाल
100 बिलियन+ जिनियस
लेखक-सुविचारक

I have to save house family and ours want it to get vaccination today itself.

॥ घर परिवार और अपनों को मुझे बचाना है, मुझे आज ही वैक्सीन लगवाना है ॥



भारत स्वच्छ मिशन, इन्दौर नगर पालिका निगम स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त, मध्यप्रदेश भारत कोविड-19, कोरोना वायरस विथ मास्क + वेक्सीन + सेनेटाइजर न्यू लाइफ स्टाइल तृतीय वर्ष सुविचार श्रृंखला दिनांक 1 नवंबर 2022 से दिनांक 15 नवंबर 2022 तक





भारत स्वच्छ मिशन, इन्दौर नगर पालिका निगम स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त, मध्यप्रदेश भारत कोविड-19, कोरोना वायरस विथ मास्क + वेक्सीन + सेनेटाइजर न्यू लाइफ स्टाइल द्वितीय वर्ष सुविचार श्रृंखला दिनांक 16 अक्टूबर 2022 से दिनांक 31 अक्टूबर 2022 तक



दैनिक भास्कर समाचार पत्र, इन्दौर, बुधवार, 17 अप्रैल 2022

**आज का दिन**
**यूआईडी को आधार नाम मिला**
2010 में युआईडीएआई ने यूनिक आईडेंटिफिकेशन नंबर को नया नाम 'आधार' दिया। लोगो भी सामने आया।

# आधार कार्ड में ऐसे अपडेट होगा घर का पता, सेंटर के नहीं लगाने होंगे चक्कर

आज के समय में आधार कार्ड सबसे महत्वपूर्ण दस्तावेजों में से एक है। ट्रेन की बुकिंग हो या फिर प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए आवेदन बिना आधार कार्ड के कुछ भी संभव नहीं है। इसके अलावा वोटर आईडी कार्ड से लेकर लाइसेंस और अन्य जरूरी दस्तावेजों को बनवाने के लिए आधार कार्ड सबसे अनिवार्य दस्तावेजों में से एक है। आप बिना आधार कार्ड के कोई दस्तावेज नहीं बनवा सकते। यही कारण है कि बच्चों के जन्म के तुरंत बाद उनका आधार कार्ड बनाया जाता है।

आधार कार्ड बनवाना तो आसान है, लेकिन आधार अपडेट करवाने में काफी मुसीबत आती है। लेकिन अब आपको आधार कार्ड में घर का पता या अन्य अपडेट करवाने के लिए आधार सेंटर के चक्कर काटने की जरूरत नहीं है। यहां हम आपको कुछ ऐसा तरीका बताने जा रहे हैं, जिससे आप घर बैठे मात्र 10 से 15 मिनट में अपना आधार अपडेट करवा सकते हैं।

इतना ही नहीं यदि आपके पास एड्रेस प्रूफ नहीं है तो भी अपने आधार में घर का पता अपडेट करवा सकते हैं। हालांकि ध्यान रहे इसके लिए आपके मोबाइल नंबर आधार से अपडेट होना चाहिए। यदि मोबाइल नंबर आधार से लिंक नहीं होगा, तो आप किसी भी हाल में पता अपडेट नहीं कर पाएंगे। इसके लिए पहले आपको मोबाइल नंबर अपडेट करवाना होगा।

## आधार कार्ड में पता कैसे बदलें

सबसे पहले UIDAI की आधिकारिक वेबसाइट uidai.gov.in पर जाएं।

होमपेज पर जाकर My Aadhar सेक्शन पर क्लिक करें। यहां सेल्फ सर्विस सेक्शन अपडेट पर जाएं। अब Proceed To Aadhar लिंक पर जाकर 12 अंकों का आधार नंबर दर्ज करें।

सैंड ओटीपी पर क्लिक करें, ओटीपी दर्ज करते ही आपका आधार कार्ड स्क्रीन पर प्रदर्शित हो जाएगा।

यहां Update Address पर क्लिक करें।

इसके बाद नये घर के पते से संबंधित सभी जानकारी अपडेट करें।

मांगे गए सभी अनिवार्य दस्तावेजों को स्कैन कर अपलोड कर सबमिट पर क्लिक करें।

कैप्चा एंटर कर सबमिट पर क्लिक करें।

आधार अपडेट करने के बाद तीन से चार दिनों के भीतर आपका आधार कार्ड अपडेट हो जाएगा। इसके हफ्तेभर बाद आप अपना आधार कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं।

हालांकि बीते कुछ दिनों से UIDAI ने आधार अपडेट के लिए लिंक इनएक्टिव कर रखा है। ऐसे में आपको आधार कार्ड में कोई भी बदलवा यानी अपडेट के लिए सेंटर पर विजिट करवा होगा। ध्यान रहे इसके मात्र 50 से 100 रुपये का शुल्क देना होता है। किसी के बहकावे में आकर ज्यादा पैसे ना दें।




# बिना आईडी व एनरोलमेंट नंबर के डाउनलोड करें आधार कार्ड, जानिए आसान प्रोसेस

आज के समय आधार कार्ड जरूरी दस्तावेज है। सभी सरकारी और प्राइवेट काम आधार कार्ड के संभव नहीं है। अब राशन कार्ड से लेकर अन्य डॉक्यूमेंट्स को बनाने के लिए आधार कार्ड अनिवार्य है। कई बार आधार गुम या चोरी हो जाता है। ऐसे में लोग लोग आधार सेंटर के चक्कर लगाते हैं। हालांकि अब आपको आधार कार्ड के लिए आधार केंद्र जाने की जरूरत नहीं है। वहीं अगर आपने आधार कार्ड अपडेट करवा लिया है तो परेशान होना नहीं पड़ेगा।

आज हम आपको कुछ स्टेप्स बताने जा रहे हैं। जिससे आप घर बैठे अपना आधार कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। अगर आपके पास आधार और एनरोलमेंट नंबर नहीं है तो भी आधार कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। इसके लिए एनरोलमेंट आईटी रीट्राइव करना है। इसके बाद आधार कार्ड डाउनलोड कर सकते है। हालांकि आपका मोबाइल नंबर आधार कार्ड से लिंक होना जरूरी है। अगर मोबाइल नंबर आधार से लिंक नहीं है तो आधार कार्ड डाउनलोड नहीं कर पाएंगे।

# नए साल से आनलाइन होंगे वाहन ट्रांसफर, आधार कार्ड के बिना नहीं होगा काम

**इंदौर। पुराने वाहन को बेचने, वाहनों से फायनेंस हटवाने, डुप्लीकेट पंजीयन कार्ड जारी करवाने जैसे कामों से 1 जनवरी से आरटीओ जाने से मुक्ति मिल जाएगी। लोग आनलाइन ही इन कामों को कर सकेंगे। आधार कार्ड होने पर बिना परेशानी के यह काम हो जाएगा। सोमवार से वर्तमान व्यवस्था को बंद कर दिया जाएगा। पुराने आवेदनों के काम को पूरा करने और इनका डाटा वाहन पोर्टल पर शिफ्ट करने के लिए 18 दिसंबर से 31 दिसंबर तक यह व्यवस्था बंद रहेगी। यह सुविधा अभी गैर व्यावसायिक वाहनों के लिए शुरू होगी।**




आरटीओ प्रदीप शर्मा ने बताया कि इसे लेकर हम लोग तैयारी कर रहे हैं। अवकाश के बाद सोमवार को जब कार्यालय खुलेगा तो हम लोग वर्तमान व्यवस्था को बंद कर देंगे। अब तक जो आवेदन आ चुके हैं, उनका काम कर दिया जाएगा, लेकिन नई रसीद नहीं काटी जाएगी। इसके अलावा वाहन पोर्टल को लेकर तैयारी की जाएगी। हमारे डाटा को वाहन पोर्टल पर शिफ्ट किया जाएगा। इसमें कुछ समय लग सकता है। हालांकि, 1 जनवरी से नई व्यवस्था को लागू कर दिया जाएगा। शर्मा के अनुसार, जो आवेदक अपने आधार कार्ड की मदद से यह काम करेंगे। उन्हें कार्यालय आने की जरूरत नहीं पड़ेगी। जो लोग आधार कार्ड के बिना यह काम करेंगे, उन्हें अपने दस्तावेज लेकर आना पड़ेगा।

## ऐसे रहेगी व्यवस्था -

वाहन पोर्टल पर जाकर आनलाइन सेवाओं का विकल्प चुनना होगा

वाहन का नंबर डालना होगा

यहां पर नाम ट्रांसफर, फायनेंस कैंसिलेशन, डुप्लीकेट पंजीयन कार्ड जैसे विकल्प आएंगे।

संबंधित विकल्प का चुनाव करना होगा।

यहां पर मोबाइल नंबर डालना होगा, इसके बाद एक ओटीपी आएगा, इसे डालना होगा।

इसके बाद वाहन मालिक की जानकारी डालना होगी

आधार नंबर और अन्य जानकारी देना होगा, जिसके बाद ओटीपी आएगा वाहन विक्रेता को भी अपनी जानकारी देनी होगी, उसे भी ओटीपी डालना होगा इसके बाद भुगतान करना होगा।

प्रक्रिया पूरी होने का मैसेज आ जाएगा।

अगर क्रेता और विक्रेता का आधार कार्ड नहीं है, तो फीस की रसीद की प्रिंट निकाल कर वाहन के सभी दस्तावेज और अपलोड किए दस्तावेज लेकर आरटीओ में संबंधित लिपिक के पास जाना होगा। वह नोटशीट लिखकर फाइल आगे बढ़ा देगा।

## 1 अप्रैल 2023 से पहले कर लें अपने पैन को आधार कार्ड से लिंक, वरना हो जाएगा बेकार

अगर आपने भी अब तक अपने आधार कार्ड को पैन से लिंक नहीं किया तो सावधान हो जाइए। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने सभी करदाताओं को समय से पहले अपने पैन को आधार से लिंक करने के लिए वार्निंग दी है। इनकम टैक्स विभाग की ई फाइलिंग वेबसाइट पर लेटेस्ट अपडेट के अनुसार यह सूचना जारी की गई है। इसमें कहा गया है कि वैसे पैन धारक जो नोटिफिकेशन नंबर 37/2017 के अनुसार छूट की श्रेणी में नहीं आते हैं, वे जल्दी से अपने पैन को आधार से लिंक करवा लें। ऐसा नहीं करने पर आपका अनलिंक्ड पैन इनॉपरेटिव हो जाएगा। आइए जानते हैं किस तारीख तक आप अपना पैन लिंक करवा सकते हैं और इसके लिए-किन प्रोसेस को फॉलो करना जरूरी है।

आपको बता दें की पैन को आधार से लिंक करने की आखिरी तारीख 31 मार्च, 2023 है। इनकम टैक्स विभाग ने अपने ऑफिशियल ट्विटर अकाउंट से यही वार्निंग दिया है। ट्वीट में लिखा है कि आयकर अधिनियम 1961 के अनुसार सभी पेन धारकों, जो छूट की श्रेणी में नहीं आते हैं, उनके लिए 31 मार्च 2023 से पहले अपने पैन को आधार से लिंक करवाना अनिवार्य है। इसके अलावा ट्वीट में यह भी लिखा है कि 1 अप्रैल 2023 से आपका अनलिंक्ड पेन निष्क्रिय हो जाएगा। अगर अभी आप अपने पैन को आधार से लिंक करवाना चाहते हैं तो आपको 1,000 रुपये का लेट फाइन लगेगा। बिना लेट फाइन के पैन कार्ड को लिंक करने की तारीख बीत चुकी है।

# आपके नाम से चल रहे हैं कितने मोबाइल नंबर? नहीं जाना चाहते जेल तो फटाफट करें पता

**नई दिल्ली। क्या आप जानते हैं कि आपके आधार कार्ड पर कितने नंबर रजिस्टर्ड हैं? अगर नहीं, तो आज हम आपको इसे जानने का तरीका बता रहे हैं। बता दें कि एक आधार कार्ड पर 9 मोबाइल नंबर तक रजिस्टर कराए जा सकते हैं। लेकिन कई बार होता है कि आपके नाम पर कितने नंबर रजिस्टर्ड हैं ये पता ही नहीं होता है।**

जैसा कि हम सभी जानते हैं कि आजकल सिम कार्ड से संबंधित कई फ्रॉड किए जा रहे हैं और इससे यूजर्स को काफी परेशानी आती है। अगर आपके नाम से रजिस्टर्ड सिम से कोई भी अवैध काम किया जाता है तो आप मुश्किल में फंस सकते हैं। आपको जेल भी हो सकती है। इसलिए यह जानना बेहद ही जरूरी है कि आखिर आपके नाम पर कितने नंबर रजिस्टर्ड हैं। इसका तरीका हम आपको यहां बता रहे हैं। साथ ही यह भी बताएंगे कि आप अनजान नंबर्स को अपने नाम से कैसे हटा सकते हैं।

## आपके नाम पर कितने नंबर हैं रजिस्टर्ड

सबसे पहले आपको https://tafcop.dgtele-com.gov.in/ पर जाना होगा। इसके बाद आपको यहां दिए गए कॉलम में अपना नंबर डालना होगा। फिर आपके नंबर पर एक OTP आएगा। इसे एंटर कर दें। ध्यान रहे कि यह सुविधा केवल आंध्र प्रदेश, केरल, राजस्थान, तेलंगाना, जम्मू और कश्मीर, मेघालय, त्रिपुरा, मिजोरम, अरुणाचल प्रदेश और नागालैंड के उपभोक्ताओं के लिए उपलब्ध है। अगर आपके नाम पर कोई ऐसा नंबर रजिस्टर्ड हैं जिसकी जानकारी आपको नहीं है तो आप उसकी रिपोर्ट सबमिट कर सकते हैं। जैसे ही आप Action बटन पर क्लिक करेंगे आपको 3 विकल्प मिलेंगे जिनमें This is not my number, Not required, Required शामिल होंगे। इनमें से आपको This is not my number पर क्लिक करना है और रिपोर्ट पर क्लिक कर देना है।